वार्तालाप नंबर 536, कलकत्ता, ताः16.3.08
Disc.CD No.536, dated 16.3.08 at Calcutta

जिज्ञासु :– बाबा, 68–69 की वाणी का टीचर के रूप में क्लारिफिकेशन चल रहा है, जब ये सब वाणियाँ खत्म हो जाएँगी, तो डाइरैक्ट वाणी चलेगी क्या?
बाबा – तुम डाइरैक्ट वाणी सुनते हो या इनडाइरैक्ट सुनते हो? (सभी ने कहा – डाइरैक्ट) पोलपट्टी खुल गयी। अभी तुम कौन–सी वाणी सुनते हो? (जिज्ञासु – डाइरैक्ट सुन रहे हैं) क्लारिफिकेशन देने वाला डाइरैक्ट होता है या इनडाइरैक्ट होता है?
जिज्ञासु – डाइरैक्ट होता है।
बाबा– फिर क्या पूछ रहे हो?
Student: Baba, the clarification of the Vanis dated 1968-69 is being given (by Shivbaba) in the form of a teacher. Will direct Vanis be narrated after all these Vanis are exhausted?
Baba: Do you listen to Vanis directly or do you listen indirectly? (Everyone said, directly) Your secret is out. Which Vani do you listen to now? (Student said, we are listening directly) Is the one who gives clarifications direct or indirect?
Student: He is direct.
Baba: Then what are you asking?

समय – 0.05
जिज्ञासु – रिझाने माना? मुरली में रिझाने शब्द आया।
बाबा – रिझाने माने मनवाने के लिए। रिझाना, जैसे किसी की मक्खनबाजी की जाती है , ऐसे एक शब्द है रिझाना। किसी से कोई बात मनवाने के लिए आरजू करना, हुज्जत करना।
Time: 0.05
Student: What does (the Hindi word) '*rijhaaney*' mean? The word '*rijhaaney*' has been mentioned in the Murli.
Baba: '*Rijhaaney*' means 'to persuade'. '*Rijhana'* means, for example someone is buttered. Similarly there is the word '*rijhana*'. (It means -) To request, to plead someone in order to persuade about something.

समय –1.30
जिज्ञासु – टी.वी. में बैठके देखते हैं तो उसको डाइरैक्ट कहेंगे?
बाबा – टी.वी. में बैठके देखते हैं!
जिज्ञासु – हाँ।
बाबा – तो डाइरैक्ट कैसे? डाइरैक्ट में तो वाइब्रेशन भी मिलता है, डाइरैक्ट दृष्टि भी मिलती है, डाइरैक्ट हाव–भाव भी मिलते हैं। टी.वी. में ये सब कहाँ मिलते हैं।
Time: 1.30
Student: Will it be called direct (meeting with Shivbaba) when we sit and watch (Baba) on TV?
Baba: Do you sit and see on TV?
Student: Yes.
Baba: So, how is it 'direct'? In case of 'direct' (meeting) you receive the vibrations, you receive the direct *drishti* and you see the direct expressions (*haav-bhaav*) as well. Do we get all these on the TV?

समय – 1.55
जिज्ञासु – बाबा, आज की मुरली में कहा है – भक्तिमार्ग में जो जूता खोलते हैं, वो किसका यादगार है? जूता खोलके देवालय में जाते हैं। तो ज्ञानमार्ग में कैसे होता है?

Time: 1.55
Student: Baba, it has been said in today's Murli, In the path of worship they remove the shoes; what is it a memorial of? People remove their shoes and enter the temple. So, how does it take place in the path of knowledge?

बाबा– प्रदर्शनी वगैरह में जूते उतारने की क्या दरकार? वहाँ मंदिर में ये समझ करके जाते हैं – ये मूर्ति भगवान बैठी है। मूर्ति में भगवान को समझते हैं लेकिन यहाँ तो ज्ञानमार्ग है ना। जो मूर्तियाँ म्यूजियम में रखी हुई हैं, हम समझते हैं – ये ज़ड मूर्तियाँ हैं या इनमें भगवान प्रवेश है? ज़ड मूर्तियाँ हैं। वहाँ की बात अलग। वहाँ म्यूजियम में, प्रदर्शनी में जूते आदि उतारने की बात नहीं होनी चाहिए। और यहाँ? यहाँ क्यों जूते उतारके आते हैं? यहाँ भी तो ज्ञानमार्ग है। क्योंकि यहाँ कोई जड़ मूर्ति नहीं है। बुद्धि में बैठा हुआ है कि जड़ मूर्ति में बाप नहीं आता है। जानवरों में भी बाप नहीं आता है। कंकड़–पत्थर में भी नहीं आता है। बाप तो मनुष्य तन में आता है।
Baba: Where is the need to leave the shoes (outside) at exhibitions, etc.? There, people go to the temples thinking that God is sitting in the form of this idol. They think that God resides in the idol, but here it is a path of knowledge, isn't it? The idols that have been placed in the museum; we feel that they are non-living idols or has God entered them? They are inert idols. The matter of that place is different. There, in the museum, exhibition, there should not be any need to remove the shoes, etc. And here? Why do people come here having removed their shoes? Even here it is a path of knowledge. Because here it is not an inert idol. It has fitted into the intellect that the Father does not enter an inert idol. The Father does not enter even in the animals. He does not even come in gravel and stones (*kankar-paththar*). The Father indeed comes in a human body.

समय – 3.25
जिज्ञासु – बाबा, कृष्ण के 84 जन्म के अंत में उनकी जो बहन थी, वो राधा बच्ची थी या गीता माता थी? लेकिन बाबा एक वार्तालाप में आया है कि कृष्ण के अंतिम 84 वें जन्म में उनकी सगी बहन है – राधा बच्ची।
बाबा – वो संगमयुगी राधा है या सतयुग की राधा है?
जिज्ञासु – वो तो संगमयुगी राधा है।
बाबा – बस।
जिज्ञासु – लेकिन जो सगी बहन बोला है ना 84 जन्मों के अंत में, वो कृष्ण वाली आत्मा है ना।
बाबा – कृष्ण वाली आत्मा है! राधा? कृष्ण वाली आत्मा राधा है? कहाँ बुद्धि पटाका खा रही है?
Time: 3.25
Student: Baba, at the end of the 84 births of Krishna, was his sister Radha *bachchi* or Gita *mata*? But Baba, it has been mentioned in a discussion (CD) that at last, i.e. 84th birth of Krishna, his real sister was Radha *bachchi*.
Baba: Is she the Confluence-aged Radha or the Golden-aged Radha?
Student: She is the Confluence-aged Radha.
Baba: That is all.
Student: But the own sister at the end of 84 births, about whom it has been mentioned, is the soul of Krishna, isn't it?
Baba: Is she the soul of Krishna? Radha? Is Radha the soul of Krishna? Where is your intellect wandering?

जिज्ञासु – बाबा, सुभद्रा किसका पार्ट है?
बाबा– सुभद्रा का पार्ट अलग, द्रौपदी का पार्ट अलग, राधा का पार्ट अलग। सबको मिलाके इकट्ठा थोड़े ही किया जा सकता है। सुभद्रा का तो हरण किया गया था। राधा का हरण थोड़े ही किया गया था। द्रौपदी का कोई हरण थोड़े ही किया गया।
जिज्ञासु – द्रौपदी जो होगी, उसका पार्ट सुभद्रा का होगा।
बाबा – धत्! जो ध्रुवपदी है, वो तो ध्रुव पद पाने वाली है। दुनियाँ कहे – ये नहीं हो सकती है।
जिज्ञासु – हाँ, वो तो गीता माता है।
बाबा– हाँ जी।
Student: Baba, who plays the part of Subhadra?
Baba: Subhadra's part is different, Draupadi's part is different, Radha's part is different. Everyone cannot be clubbed together. Subhadra was abducted. Radha was not abducted. Draupadi was not abducted.
Student: Draupadi will play the part of Subhadra.
Baba: What are you saying?! Dhruvpadi is going to achieve a post that is fixed like a Pole Star (*Dhruv*). The world may say that this cannot be possible.
Student: Yes, she is Gita mata.
Baba: Yes.

जिज्ञासु– तो सुभद्रा कौन है?
बाबा– सुभद्रा तो, सु माने सुन्दर, भद्र माना कल्याणकारी, हर हालत में कल्याणकारी ।
जिज्ञासु – हाँ, वो तो वेदांती माता।
बाबा– अरे! वो राधा का पार्ट है या सुभद्रा का पार्ट है? उसका हरण किया गया क्या?
जिज्ञासु – वो कौन है बाबा?
बाबा – सुभद्रा जो है, वो तो भद्र ही भद्र है। उसमें अकल्याण का नाम–निशान हो ही नहीं सकता। रुद्र माला का मणका भी है।
जिज्ञासु – किसका पार्ट?
बाबा – किसका पार्ट! अष्टदेवों का ही पार्ट है। अब यहाँ क्या बाबा कोई पार्ट खोल करके बताते हैं क्या? जो जिसका पार्ट होगा, वो स्वतः ही अपने मुँह से अपना बखान करेगा, अपना कार्य करके दिखायेगा।
Student: So, who is Subhadra?
Baba: Subhadra, '*su*' means '*sundar*' (beautiful), '*bhadra*' means beneficial; (the one who is) beneficial under any circumstance.
Student: Yes, she is mother Vedanti.
Baba: Arey! Is that the part of Radha or Subhadra? Was she abducted?
Student: Who is she Baba?
Baba: Subhadra is just *bhadra* (benevolent). There cannot be any name or trace of harm in her. She is also a bead of the rosary of Rudra.
Student: Whose part?
Baba: Whose part is it! It is the part of the eight deities only. Well, does Baba reveal anybody's part openly here? Whoever is to play whatever role, he will reveal it with his own mouth, he will perform his task and show.

जिज्ञासु – सुभद्रा का पार्ट क्लीयर नहीं हुआ।
बाबा – क्लीयर तो तब होगा, जब अपना पार्ट स्टेज पर बजावेंगे।
जिज्ञासु – सुभद्रा का पार्ट जगदम्बा को बोला है।

बाबा– हाँ, तो जगदम्बा भी अपना पार्ट जब स्टेज पर बजावेगी तब ही तो क्लीयर होगी कि जगदम्बा है। महाकाली अपना पार्ट स्टेज पर बजावेगी तब ही तो क्लीयर होगी। सिर्फ हमारे तुम्हारे कहने से कोई मान लेगा क्या?
Student: The part of Subhadra has not become clear (to me).
Baba: It will become clear when they play their part on the stage.
Student: Jagdamba is said to play the part of Subhadra.
Baba: Yes, so, it will become clear that Jagdamba is Jagdamba only when she plays her part on the stage. Mahakali's part will become clear only when she plays her part on the stage. Will anyone accept if I or you say it?

जिज्ञासु – लेकिन बाबा सुभद्रा और द्रौपदी, दो आत्माएँ अलग–अलग हैं या एक ही है?
बाबा – अरे! द्रौपदी का स्वंयवर हुआ। क्या? सारी पब्लिक के बीच में द्रौपदी स्वयंवर हुआ, लेकिन सुभद्रा का हरण हुआ। स्वयंवर नहीं हुआ। जैसे रूक्मिणी हरण हुआ। ये पटरानियाँ हैं।
Student: But Baba, are Subhadra and Draupadi two different souls or one and the same?
Baba: Arey! Draupadi got married through *swayamvar* (a practice where a Princess chooses her husband from among many Princes) What? Draupadi was married through *swayamvar* in the midst of the entire public, but Subhadra was abducted. She was not married through *swayamvar*, just as Rukmini (Krishna's wife) was (also) abducted. They are queens.

समय – 7.33
जिज्ञासु – बाबा, 1942 से 46 तक इस बीच में जो यज्ञ चला, दो माताओं ने चलाया ऐसा सुना है। तो उस समय राधा बच्ची भी थी, गीता माता भी थी, तो उस समय ज्ञान कैसे? 46 में तो राधा बच्ची ने शरीर छोड़ा ऐसे सुना। तो उस बीच में यज्ञ कैसे चला? ओममण्डली 42 के बाद, झगड़े के बाद खत्म हो जाती है। 47 से तो ब्रह्मा बाबा(दादा लेखराज) चलाते हैं लेकिन 42 से 46 तक यज्ञ कैसे चलता है?
Time: 7.33
Student: Baba I have heard that between 1942 and 46 the yagya was run by the two mothers. So, at that time, Radha bachchi also existed, Gita mata also existed; So, how was knowledge narrated at that time? I have heard that Radha bachchi left her body in 1946. So, how did the yagya function at that time? Om Mandali did not exist after 1942, i.e. after the dispute. Brahma Baba (Dada Lekhraj) controlled the yagya from 1947, but how did the yagya function from 42 to 46?

बाबा – नाम तो "ओम मन्डली" ही रहता है। जो भी संगठन थोड़ा बहुत बचा हुआ है, नाम तो वही पुराना चलेगा ना। जब नया संगठन तैयार हो जाता है, नया स्थान तैयार हो जाता है, तो नाम बदल जाता है। ब्रह्मा से ब्रह्माकुमारी विद्यालय नाम पड़ जाता है।
जिज्ञासु – यज्ञ कैसे चलता है बाबा? मुरली तो नहीं चलती है। कोई तो.....
बाबा – मुरली तो चलाने वाला शिवबाबा है ना। शिवबाबा पहले मुरली नहीं चलाते थे। 10–15 पेज़ लिखवाते थे। बाप लिखवाते थे और बच्चे लिखते थे।
Baba: The name remains as 'Om Mandali' itself. Whatever little gathering survived, will continue to have the old name, won't it? When the new gathering becomes ready, when the new place becomes ready, then the name changes. It gets the name Brahmakumari Vidyalay based on (the name) Brahma.
Student: Baba, how did the yagya function? The Murli was not narrated. Someone must....
Baba: The one who narrates Murlis is Shivbaba, isn't it? Initially Shivbaba did not narrate Murlis. He used to dictate 10-15 pages. The Father used to dictate and the children used to write.

समय – 9.10
जिज्ञासु – बाबा, ज्ञान और भक्ति साथ–साथ है या अलग–अलग है?
बाबा – अगर साथ ही साथ है, तो ज्ञान की प्रारब्ध किसे कहेंगे? जहाँ ज्ञान है, वहाँ भक्ति नहीं। जहाँ भक्ति है, वहाँ ज्ञान नहीं।
Time: 9.10
Student: Baba, is *gyan* and *bhakti* simultaneous or separate?
Baba: If they are simultaneous, then what would be called the fruit of knowledge? Where there is knowledge, there is no *bhakti*. Where there is *bhakti* there is no knowledge.

जिज्ञासु – जैसे बाबा महाभारत में दिखाया गया था कि हंस के दो पंख हैं। एक ज्ञान, दूसरा भक्ति। एक पंख काट दिया जाए तो हंस उड़ नहीं सकता। अलग–अलग हैं।
बाबा – तुम भक्ति वाली बातें करते हो। भक्तिमार्ग में तीन कहते हैं – ज्ञान, भक्ति और वैराग्य, लेकिन बाबा का कहना है जब ज्ञान मिलता है तो भक्ति उड़ जाती है। जिसके अंदर ज्ञान बैठ जायेगा तो भक्ति के कर्मकाण्ड छूट जावेंगे। अगर भक्ति भी चलाता रहे और ज्ञान में भी चलता रहे इससे साबित होता है ज्ञान उत्पन्न हुआ ही नहीं।
Student: For example Baba it was shown in the Mahabharata that there are two wings of swan. One is knowledge and the other is *bhakti*. If one of the wings is cut, the swan cannot fly. They are different.
Baba: You are talking about *bhakti*. In the path of worship three things are mentioned, knowledge, *bhakti* and detachment (*vairagya*), but Baba says, when someone receives knowledge, then *bhakti* vanishes. The person in whom knowledge fits will leave the rituals of *bhakti*. If he continues to practice *bhakti* and continues to follow the path of knowledge as well, then it proves that knowledge has not emerged (in him) at all.

समय– 10.25
जिज्ञासु – बाबा, बाप के रूप में पार्ट बजाते हैं, टीचर के रूप में पार्ट बजाते हैं, सद्गुरु के रूप में पार्ट बजाते हैं, हमने बोला – बाप, टीचर का जो पार्ट है, ब्रह्मा के मुख के द्वारा जो मुरली चली, उसका क्लारिफिकेशन देना और अव्यक्त वाणी अभी जो गुलजार दादी के मुख से चल रही उसका भी क्लारिफिकेशन देना, ये टीचर का पार्ट है। इसके बाद क्या बाबा का सद्गुरु का पार्ट शुरू हो जायेगा?
Time: 10.25
Student: Baba plays a part in the form of a Father, He plays a part in the form of a teacher, He plays a part in the form of Sadguru; I said, the part of the Father and the Teacher is to give clarification of the Murlis which were narrated through the mouth of Brahma and to give clarification of the Avyakta Vanis which are now being narrated through the mouth of Gulzar Dadi. Will Baba start playing the part of Sadguru after this?

बाबा – एक ही रथ है, जो बाप के रूप में वर्सा देने वाला भी है, बाप के रूप में आत्मा को अपना परिचय मिलता है – मैं आत्मा कौन–से कुल की हूँ, कौन–से धर्म विशेष में, कौन–से धर्मखण्ड विशेष में पार्ट बजाने वाली आत्मा हूँ – ये आत्मा को अपने बाप से वर्सा मिलता है, अनुभूति होती है। तो बाप, बाप भी है और फिर टीचर भी है। और टीचर होने के बाद, समझाने के बाद, फिर सद्गुरु भी है। गति और सद्गति देने वाला एक ही गुरु है। और कोई से गति, सद्गति का वर्सा नहीं मिलता।
Baba: There is only one chariot, which also gives inheritance in the form of a Father. A soul obtains its introduction through the form of the Father. I, the soul, belong to which clan? In which particular religion and which particular religious land do I soul play the part? A soul obtains this inheritance, experience from its Father. So, the Father is a Father too; and then He is

a teacher as well. And after being a Teacher, after explaining (the knowledge) He is a Sadguru as well. There is only one Guru who gives *gati* (salvation) and *sadgati* (true salvation). You do not obtain the inheritance of *gati, sadgati* from anyone else.

समय – 12.04
जिज्ञासु – स्वरूपनिष्ठ इसका गुह्यार्थ क्या है ?
बाबा – स्व, रूप। स्व माने आत्मा, रूप माने रूप। आत्मा का रूप ज्योति बिन्दु। निष्ठ माने बैठने वाला। ज्योति बिन्दु स्वरूप के स्थिति में स्थित होकर के जो बैठ जाए, सो ही स्वरूपनिष्ठ।
जिज्ञासु – जब साढ़े चार लाख आत्मा पूरा आत्मिक स्थिति में चले जायेंगे, स्व स्थिति में चले जाएँगे तो नंबरवार सब स्वरूपनिष्ठ में चले जायेंगे? नंबरवार साढ़े चार लाख स्वरूपनिष्ठ हो जाएँगे?
Time: 12.04
Student: What is the deep meaning behind the word '*swaroopnishth*'?
Baba: *Swa, roop*. *Swa* means the soul, '*roop*' means form. The form of a soul is point of light. *Nishth* means the one who sits. The one who sits by becoming constant in the stage of point of light form is *swaroopnishth*.
Student: When all the four and a half lakh souls would achieve the complete soul conscious stage, when they achieve the self stage (*swasthiti*), then will they become numberwise *swarupnishth*? Will the four and a half lakh (souls) become numberwise *swarupnishth*?

बाबा – स्वरूपनिष्ठ होंगे तभी तो दुनियाँ का परिवर्तन होगा। अगर साढ़े चार लाख ही स्वरूपनिष्ठ नहीं हुए तो दुनियाँ का परिवर्तन कैसे होगा? विनाश भी नहीं होने वाला है।
जिज्ञासु – बाबा को जो याद करते हैं, उस समय आत्मिक स्थिति पूरी हो जायेगी, तो बाप की याद पूरी मर्ज हो जाएगी? माने आत्मिक स्थिति एक साथ में बाबा और आत्मा .....
बाबा– ज्योति बिन्दु आत्मिक स्वरूप से परमात्मा बाप अलग है ही नहीं। जहाँ ज्योति बिन्दु आत्मा है, परमपिता परमात्मा बाप उस बच्चे के साथ ही साथ है। इसलिए कहा भी जाता है – परमपिता और साथ में परमात्मा।
Baba: The world will be transformed only when we become *swarupnishth*. If the four and a half lakh souls themselves do not become *swarupnishth*, then how will the world transform? Even the destruction would not take place.
Student: When those who remember Baba achieve complete soul conscious stage, then will the remembrance of Baba merge completely? I mean to say will the soul conscious stage and Baba's remembrance be simultaneous?....
Baba: The Supreme Soul Father is not separate from the point of light soul form at all. Where there is point of light soul, the Supreme Father Supreme Soul Father is definitely with that child. That is why it is also said, the Supreme Father; and with Him the Supreme Soul.

जिज्ञासु – बाबा, सद्गुरु का पार्ट जब शुरू होगा तब तो वाणी चलाने की ज़रूरत नहीं है?
बाबा – सत् माने क्या?
जिज्ञासु – सच्चाई।
बाबा – सच्चाई कोई वाणी चलाना नहीं है। सच्चाई के सामने कोई टिक नहीं सकता। ऐसे ही सद्गुरु का वो पार्ट है जिसके सामने वाचा से कोई टिक नहीं सकेगा।
Student: Baba, when the part of the Satguru begins, then will there not be any need to narrate vani?
Baba: What does *Sat* mean?
Student: The truth.
Baba: Truth does not mean mere speech. Nobody can face truth at all. Similarly, Satguru's part is such that nobody will be able to face him with words.

समय – 14.20
जिज्ञासु – बाबा परमपिता परमात्मा दो चीज़ हैं।
बाबा– परमपिता माना जिसका कोई पिता नहीं और परमात्मा का तो पिता है।
Time: 14.20
Student: Baba, Supreme Father and Supreme Soul are two different things.
Baba: Supreme Father means the one who does not have any father whereas the Supreme soul has a father.

समय – 14.38
जिज्ञासु – बाबा, शिव तो पत्थरबुद्धि को पारस बनाते हैं। अभी पारस से हीरे बन जाते हैं। हीरा तो जहर भी होता है।
बाबा – तो?
जिज्ञासु – हीरे तो ज्ञान का चमक मारते हैं। तो जहर कैसे बन जाता है?
बाबा – जहर बन जाता है कि होता ही है?
जिज्ञासु – होता ही है। मुँह में डालने से मर जाते हैं। तो मरने की बात क्या है?
बाबा – हीरा जो है, वो याद करने की चीज़ है। चाट जाने का चीज नहीं है। वो रोशनी देने वाली चीज़ है, रोशनी देने वाला बल्ब है और उसको कहे मैं अभी खा जाऊँ इसे।
Time: 14.38
Student: Baba, Shiv transforms those with a stone-like intellect into *paaras*. Now we are transformed from *paaras* to diamonds. The diamond is also poisonous.
Baba: So what?
Student: The diamonds radiate the light of knowledge. So, how does it become a poison?
Baba: Does it become a poison or is it a poison already?
Student: It is already a poison. People die if they put it into their mouth. So, what is the reason of death (in the unlimited sense)?
Baba: The diamond is a thing to be remembered. It is not a thing to be licked. It is a thing that radiates light; it is a bulb that radiates light and if someone says that I will eat it now!

जिज्ञासु – चाट जाने की बात मतलब जैसे कोई आत्मा ज्ञान का चमक मार रहा है और उसमें कोई लिपट जाए, मतलब वो खत्म हो जायेगा?
बाबा – पतंगा का क्या होता है? पतंगा शमा के ऊपर आता है, फिर उसका क्या रिज़ल्ट होता है? खत्म हो जाता है।
जिज्ञासु – जिस तरह परमपिता परमात्मा में आते हैं, तो उसमें लपट जाने के कारण ये भी हो सकता है कि पद नीचा हो सकता है।
बाबा– हँ?
Student: Licking means that suppose a soul is radiating light of knowledge and if someone entangles in him, then will he perish?
Baba: What happens to a moth (*patanga*)? A moth comes near lamp (*shama*); then what isthe result? It perishes.
Student: Just as the Supreme Father comes in (the body of) the Supreme Soul, and because of entangling in him, it is possible that his post becomes degraded.
Baba: Hm?

जिज्ञासु– जैसे बाबा ने मुरली में बोला है कि अगर सुप्रीम सोल परमपिता की याद न आये तो भले शरीरभान को ही याद करो, फिर भी बेड़ा पार हो जायेगा।
बाबा – शरीरभान को याद करो !
जिज्ञासु – मतलब इस सृष्टि में एक ही जो शिवलिंग है, जिसमें शिव प्रवेश होता है, जैसे शिविलिंग में पत्थर के ऊपर पानी डाला जाता है। मतलब कोई आत्मा जो फर्स्ट में एवर प्योर रहती है और लास्ट में.....
Student: For example, Baba has said in the Murli that if one is not able to remember the Supreme Soul Supreme Father, then one may remember the body consciousness, even then the ship would sail across (i.e. achieve true salvation).
Baba: Should we remember the body consciousness?
Student: I mean to say the only Shivling which exists in this world, in which Shiv enters, for example water is poured over the stone of Shivling. It means a soul which is initially ever pure and in the last....

बाबा – इनका कहने का मतलब ये है कि जिस तन में मुकर्रर रूप से परमात्मा परमपिता शिव आते हैं वो रथ, उसको भी अगर हम याद करें, तो वो रथ भी अविनाशी है। वो अंत तक विनाश को पाने वाला नहीं है। तो अविनाशी को याद करेंगे तो क्या बनेंगे? अविनाशी ही बनेंगे। इसलिए भक्तिमार्ग में भगवान के चरणों की मिट्टी भी माथे से लगाते हैं। चरण माने बुद्धि रूपी पाँव। और वो बुद्धि रूपी पाँव तो है ही परमपिता। वो बुद्धि रूपी पाँव से जिस रथ में प्रवेश करता है वो एक मिट्टी की तरह है। उस परमपिता के बुद्धि रूपी पाँव की वो मिट्टी है। वो मिट्टी भी अगर मस्तक से लग जाए, चिपक जाए, याद रहे, तो भी कल्याण है।
Baba: He means to say that even if we remember the body, the chariot in which the Supreme Soul, Supreme Father Shiv comes in permanent form, then that chariot is also imperishable. It is not going to be destroyed till the end. So, if we remember the imperishable, then what will we become? We will also become imperishable. That is why in the path of worship, soil at the feet (*charan*) of God is applied on the forehead (by the devotees). *Charan* means intellect-like feet. And that intellect-like feet is the Supreme Father. The chariot in which He enters with His intellect-like feet is like soil. He is the soil of the intellect-like feet of that Supreme Father. Even if that soil is applied, if it sticks to the forehead, if it remains in our thoughts, it is beneficial.

जिज्ञासु – बाबा, शिवलिंग में दुनियाँवी गुरु लोग स्त्रीलिंग और पुल्लिंग दो दिखाते हैं, हम लोग तो अच्छी तरह जानते हैं कि रामवाली आत्मा या शंकर की आत्मा शिवलिंग है।
बाबा – शिवलिंग में स्त्रीलिंग, पुल्लिंग कहाँ है? शिव तो पुरुष ही पुरुष है। शिव के दो पार्ट कहे जा सकते हैं। जबकि शिवलिंग में वो ब्रह्मा की सोल भी प्रवेश करती है, तो कहा जाता है बापदादा या कहा जाता है – "अर्धनारीश्वर"। आधा पुरुष का पार्ट, आधा स्त्री का पार्ट। जैसे वर्तमान समय एडवान्स पार्टी में कहेंगे – प्रैक्टीकल में माँ–बाप का पार्ट नहीं है। फिर भी माँ की पालना मिल रही है। बिना माता की पालना के परिवार पनप नहीं सकता।
Student: Baba, the worldly gurus show the female and male organs in the Shivling. We people know very well that the sul of Ram or Shankar is the Shivling.
Baba: Where is the female and male organ in the Shivling? Shiv is just male. It can be said that Shiv has two parts (i.e. roles). When Brahma's soul also enters the Shivling, then it is said Bapdada or '*Ardhanaareeshwar*'. Half masculine role and half feminine role. Just as it would be said in the advance party at present, the part of Mother and Father is not being played in practical. Even so the sustenance of the Mother is being received. Without the sustenance of the Mother, the family cannot prosper.

दूसरे जिज्ञासु ने कहा – बाबा, वो जानते हैं कि – स्त्रीलिंग माना जलाधारी को बोलते हैं।
बाबा – वो लिंग थोड़े ही है।
पहला जिज्ञासु – हम जलाधारी को नहीं कह रहे हैं। हम कह रहे हैं – जैसे आदि में जब एक चना में दो दाने थे। तो बीच में जब सुप्रीम सोल आते हैं, बाबा ने ठीक ही बोला अभी।
Another student said: Baba, they know that the *jalaadhaari* (the circular base of the Shivling) is called the female organ.
Baba: It is not the *ling*.
The first student said: I am not talking about the *jalaadhaari*. I am telling that just as there were two halves in one pulse in the beginning. So, when the Supreme Soul comes in the middle, whatever Baba said just now is correct.

समय – 19.25
जिज्ञासु – बाबा, सुभद्रा का हरण किया था। उसका बेहद का मतलब क्या है? उसका कौन हरण किया?
बाबा– हरण तो अर्जुन ने किया। अर्जुन तो कोई दूसरा थोड़े ही है। जो नर से नारायण बनने वाला है, वो ही अर्जुन है। जिसके रथ में भगवान प्रवेश करते हैं, वो ही अर्जुन है। भद्र कहते ही हैं कल्याणकारी को। सुन्दर कल्याणकारी पार्ट है। उसके आने मात्र से ही स्थापना शुरू हो जाती है। जो अव्यक्त बापदादा बोलते हैं। क्या? तुम बच्चों को नयी दुनियाँ की सौगात बापदादा ने दी है।
Time: 19.25
Student: Baba, Subhadra was abducted. What does it mean in an unlimited sense? Who abducted her?
Baba: Arjun abducted her. Arjun is none other than the one who transforms from a man to Narayan. The one in whose chariot God enters is Arjun. *Bhadra* means beneficial. It is the beautiful and beneficial part. The establishment begins as soon as she arrives. About which Avyakta Bapdada speaks. What? Bapdada has given the gift of the new world to you children.

समय– 20.30
जिज्ञासु – बाबा ने एक वार्तालाप में बोला है – जब शरीर बर्फ में दब जायेगा, तो बाद में भी आत्मा प्रवेश कर सकती है।
बाबा– बर्फ से बाहर आये, बर्फ हटे और आत्मा प्रवेश करे।
जिज्ञासु– कितना दिन में?
बाबा– कोई टाइम निश्चित नहीं है। कोई तो लम्बे समय तक भी बर्फ में दबे पड़े रहेंगे।
Time: 20.30
Student: Baba has said in a discussion, (CD) when the body is buried under ice, then the soul can enter later on as well.
Baba: When they come out of the ice, when the ice melts, the soul will enter.
Student: In how many days?
Baba: The time is not fixed. Some would remain buried under ice for a long period as well.

जिज्ञासु – बाबा, बर्फ में दबने से पहले जो विकलांग हैं, मतिमंद, जो हैण्डीकॅप हैं, उसका शरीर कैसे नार्मल हो जाएगा? जैसे हारमोन परिवर्तन हो जाता है, तो विकलांग कैसे होता? जिसका हाथ टूटा है, पाँव टूटा है। तो वो बर्फ में दबने के बाद पूरा का पूरा परिवर्तन हो जाएगा?
बाबा– हाँ, माना जिसको दोनों भुजाएँ नहीं हैं तो भुजाएँ आ जाएँगी? जिनको दोनों टाँगें नहीं हैं, दोनों टाँगें आ जायेंगी? ये मतलब है? ऐसी तो कोई बात नहीं है। खण्डित मूर्तियाँ भक्तिमार्ग में भी अच्छी नहीं मानी जाती हैं।

Student: Baba, how would the bodies of those, who are handicapped, mentally challenged before being buried under ice become normal (after emerging from the ice)? For example (it has been said that) hormonal changes take place, so, how does it take place in case of handicapped persons, whose arms, legs are broken? So, will all that be completely transformed after being buried under the ice?
Baba: Yes, does it mean that will the one who does not have both arms get them back? Will someone who does not have both limbs get them back? Do you mean to say that? It is not like this. The broken idols are not considered good even in the path of worship.

जिज्ञासु – लेकिन ज्ञान में चले आये तो? बाप के पास तो चले आते हैं तो कुछ तो परिवर्तन होना चाहिए।
बाबा – किसका परिवर्तन होना चाहिए? जिनके हाथ भी कटे हुए हैं, युद्व में मानो किसी की दोनों भुजाएँ कट गईं, दोनों टाँगें कट गयीं, ज्ञान में आ गये तो ज्ञान में आने वाले जो हैं, उनके अंग सरसब्ज हो जायेंगे?
जिज्ञासु – नहीं बाबा, जो लंगड़ा है, वो ज्ञान में आके पुरुषार्थ कर रहा है, तो उसके बाद क्या वो लंगड़ा ही रहेगा?
बाबा– वो तो आजकल प्लास्टिक सर्जरी से लंगड़े भी ठीक हो जाते हैं। लेकिन थोड़ी टाँग होनी तो चाहिए। ये तो कह रहे हैं – बिल्कुल है ही नहीं।
जिज्ञासु – अभी नहीं है।
बाबा– अभी तो अन्धों को भी आँख डाल देते हैं।
Student: But what if they start following the path of knowledge? If they come to the Father, then they should undergo transformation at least to some extent.
Baba: What should be transformed? The persons, whose arms have been cut, suppose both arms of someone have been cut/severed in a war, both the legs have been cut, if they enter the path of knowledge, then will their organs be restored / become normal?
Student: No Baba, suppose a lame person enters the path of knowledge and is making efforts, then after that will he remain lame (after being buried in ice)?
Baba: Now-a-days even the lame persons become normal through plastic surgery. But at least some part of the leg should be present. He is telling that it (i.e. arm/leg) does not exist at all.
Student: It does not exist now.
Baba: Now even the blind persons are implanted with eyes.

जिज्ञासु – बाबा इनका कहने का मतलब है – हैंडिकैप शरीर बर्फ में पड़ेगा और आत्मा ऊपर से आयेगी, तो जो बॉडी है, वो तो हैंडीकैप थी, लेकिन जब उठेगा, उठने के बाद ठीक हो जाएगा?
बाबा – जब आज की प्लास्टिक सर्जरी में जो अंग नहीं होता है, वो भी अंग सरसब्ज कर देते हैं, तो जो असली सर्जरी है उसमें नहीं हो सकता?
Another Student: Baba, he means to say, the handicapped body will remain buried under the ice and the soul comes from above; the body was handicapped, but when he will rise (from ice) will he become normal?
Baba: When, in today's plastic surgery, the organ that was not present is also replaced, then can't it be possible in the true surgery (i.e. world transformation)?

समय – 23.48
जिज्ञासु – बाबा, सद्गुरु का पार्ट कब से चालू होगा?
बाबा – जब सख्ति पूरी होगी। अभी तो बहुत बातों मे लूज़नेस चलती है। सद्गुरु किसी के नाज़–नखरे नहीं देखेगा।

Time: 23.48
Student: Baba, when will the part of *sadguru* begin?
Baba: When there is complete strictness. Now looseness continues in many matters. Sadguru will not tolerate anybody's coquettishness (*naaz-nakhrey*).

समय – 24.14
जिज्ञासु – बाबा, ये जो बाबा का महावाक्य है – "ज्ञान अंजन सद्गुरु दिया, अज्ञान अंधेर विनाश", इसका अर्थ बताइये।
बाबा – अरे! क्या अर्थ पूछ रहे हैं? कौन–सा अनर्थ बुद्वि में.....।
जिज्ञासु – जब ज्ञान में आया, आत्मा का ज्ञान मिल गया। तो बाबा ने बताया – मैं तुम बच्चों को त्रिनेत्री बनाता हूँ।
बाबा – आत्मा का क्या ज्ञान मिल गया?
जिज्ञासु – आत्मा, परमात्मा का तीन कालों का ज्ञान....
Time: 24.14
Student: Baba, tell us the meaning of the following version of Baba, '*gyaan anjan sadguru diya agyaan andher vinaash*' (when the sadguru gave the anjan of knowledge, the darkness of ignorance vanished).
Baba: Arey! What meaning are you asking? Which contrary meaning is coming to your intellect....
Student: When one entered the path of knowledge, one received the knowledge of the soul. So, Baba said, I make you children *Trinetri* (three-eyed).
Baba: Which knowledge of the soul did you receive?
Student: The knowledge of the three aspects of time related to the soul and the Supreme Soul....

बाबा – एक तो होता है बेसिक ज्ञान – सामान्य ज्ञान और एक होता विशेष ज्ञान। तो एडवान्स में क्या एडवांस ज्ञान मिल गया? त्रिमूर्ति का भी ज्ञान मिल गया, उससे अपनी आत्मा को क्या मिल गया? वो तो त्रिमूर्ति का मिल गया। बुद्वि में बैठ गया नम्बरवार कि ये आत्मा ब्रह्मा के रूप में पार्ट बजाने वाली, ये विष्णु के रूप में, ये शंकर के रूप में। परन्तु अपनी आत्मा को क्या मिल गया? अपने को ज्ञान अंजन मिल गया क्या? जब तक अपने स्वरूप का ज्ञान नहीं हुआ तो ज्ञान अंजन किस बात का मिला? आत्मा को अपने स्वरूप की पहचान होनी चाहिए कि मैं आत्मा कौन? इस सृष्टि रूपी रंगमंच पर मेरा विशेष पार्ट क्या है? तब अज्ञान अंधेर विनाश। फिर मनन–चिंतन–मंथन स्वतः ही चलने लग पड़ता है। परचिंतन की गुंजाइश ही नहीं रहती।
बाबा – और?
Baba: One is basic knowledge i.e. ordinary knowledge, and one is special knowledge. So, which advanced knowledge did you receive in the advance (party)? You received the knowledge of Trimurty as well; What did our soul obtain from it? The (knowledge of) Trimurty was received. It fitted into the intellect numberwise that this soul plays a part in the form of Brahma, this soul plays a part in the form of Vishnu and this soul plays a part in the form of Shankar. But what did our soul receive? Did we receive the *anjan* (collyrium/eyesalve) of knowledge? Until one does not receive the knowledge of one's own form, then what kind of *anjan* of knowledge did we receive? A soul should have the realization of its form that who am I, the soul? What is my special part on this world stage? Then the darkness of ignorance vanishes / gets destroyed. Then the thinking and churning begins automatically. There is no margin for thinking about others at all.
Baba: Anything else?

जिज्ञासु – सद्गुरु का प्वाइन्ट जुड़ा हुआ है। "ज्ञान अंजन सद्गुरु दिया जब , तब अज्ञान अंधेरे का विनाश"।

बाबा– हाँ जी, सच्चा गुरु तो वही है जो अपने अनेक जन्मों की कथा–कहानी बता दे। जैसे भगवान ने अर्जुन से कहा – अर्जुन, तू अपने जन्मों को नहीं जानता। मैं तेरे को बताता हूँ। तो कहेंगे – "ज्ञान अंजन मिला, दिव्य दृष्टि मिली"।

Student: The point of sadguru is connected with it. 'When Sadguru gave the anjan of knowledge, the darkness of ignorance is destroyed.

Baba: Yes, the true Guru is the one who narrates the story of our many births. For example God told Arjun, – Arjun, you do not know about your births. I tell you. So, it would be said, 'he received the anjan of knowledge, divine vision.'

समय – 26.31

जिज्ञासु – बाबा, अभी तुरन्त बाबा ने बोला जब मनन–चिंतन स्वतः होने लगा, बाबा का ज्ञान सुनने के बाद जब हम लोगों का मनन–चिंतन होता है, तो बाबा की याद तो होती है लेकिन बाबा ने मुरली में बोला है मनन–चिंतन याद नहीं है। याद अलग चीज़ है, मनन–चिंतन सुप्त स्थिति में है।

Time: 26.31

Student: Baba, just now Baba said that when thinking and churning begins automatically; after listening to Baba's knowledge when we people start thinking and churning, then we do remember Baba, but Baba has said in a Murli that thinking and churning (of knowledge) is not the remembrance. The remembrance is different; thinking and churning is a (kind of) stage of sleep.

बाबा– ये तो तुम्हारी अपनी मनमत है। मनन–चिंतन–मंथन में रहना – ये भी सेकेण्ड क्लास याद है; परन्तु मुरलियों के ज्ञान का मनन–चिंतन–मंथन होना चाहिए, आधार मुरली होना चाहिए। मनन–चिंतन–मंथन की स्टेज सूक्ष्म स्टेज है, अव्यक्त स्टेज है। अव्यक्त स्टेज को ये कहें कि – याद है ही नहीं, ऐसे नहीं कह सकते। सिर्फ बिन्दु रूप की याद में टिकना ही याद है, वो तो ऐसी स्टेज है जहाँ पाप तेजी से भस्म होते हैं। लेकिन सूक्ष्म मनन–चिंतन–मंथन किये बगैर कोई आत्मा आत्मिक स्थिति में सदा काल के लिए टिक भी नहीं सकती। जो आत्मा जितना मनन–चिंतन–मंथन के विस्तार में जाने वाली होगी, वो उतना ही सार में टिकने वाली बनेगी।

Baba: This is your own opinion. Being in a stage of thinking and churning is also a second class remembrance, but the thinking and churning should be about the knowledge of the Murlis; the basis should be the Murlis. The stage of thinking and churning is a subtle stage, avyakt stage. We cannot say that avyakt stage is not remembrance at all. Only becoming constant in the remembrance of the point-like form is (the real) remembrance; it is such a stage where the sins are burnt rapidly. But no soul can become constant in the soul conscious stage forever without sutble thinking and churning. The more a soul goes into the expanse of thinking and churning, the more it will become constant in the essence.

जिज्ञासु – तो मनन–चिंतन–मंथन किस आधार पर होता है? निराकारी स्थिति के आधार पर या..... ।

बाबा– बाप की याद जितनी जास्ती बढ़ती जायेगी, मनन–चिंतन–मंथन भी बढ़ता जायेगा। और बाप की याद उतनी ही बढ़ेगी, जितना बाप बच्चों को याद करेगा। और बाप उन्हीं बच्चों को याद करेगा, जो सर्विस में तत्पर्य होंगे। सर्विसेबुल बच्चे जो हैं, उनको स्वतः ही मनन–चिंतन–मंथन उठ खड़ा होता है क्योंकि बाप उन बच्चों को याद करता है, सर्विस की मदद देता है। कोई पावरफुल आत्मा समझने वाली सामने आ गयी तो दृष्टि की मदद देता है, वाचा की मदद देता है, वाइब्रेशन की मदद देता है।

Student: So, what is the basis of thinking and churning? On the basis of incorporeal stage or on.....?
Baba: The more the remembrance of the Father increases, the thinking and churning will also increase. And the remembrance of the Father will increase only to the extent the Father remembers the children. And the Father will remember only those children who remain busy in service. Serviceable children start thinking and churning automatically because the Father remembers those children, helps them in service. When a powerful soul, which understand (the knowledge), comes in front of the children, then He gives the help of drishti, gives the help of speech, gives the help of vibrations.

समय – 38.38
जिज्ञासु – बाबा, आदि में गीता माता में प्रवेश करके सुनना–सुनाने का काम किया था, तो फर्स्ट ब्राह्मण सो फर्स्ट देवता, तो उसकी मम्मी कौन हुई? सेवकराम की मम्मी कौन?
बाबा – सेवकराम की दादी अम्माँ कौन है और परदादी अम्माँ कौन है? अरे! फिर तो 84 जन्म के भी हिसाब–किताब निकल आने चाहिए। और बाबा तो कहते हैं – मैं किसी के पार्ट थोड़े ही बताता हूँ। बापदादा कोई के पार्ट बताते हैं क्या? हर आत्मा अपने–अपने गुणों से, अपनी–अपनी वाचा से, अपने–अपने वाइब्रेशन से, अपनी–अपनी कथनी और करनी से अपने आप अपने को प्रत्यक्ष करेगी। सेवकराम का बाप होगा ,वो अपने को बाप प्रत्यक्ष कर देगा। जो डाड़े होगा, वो डाड़े प्रत्यक्ष कर देगा। दादी अम्माँ होगी, तो अपने को दादी अम्माँ प्रत्यक्ष कर देगी।
Time: 38.38
Student: Baba, in the beginning, He had entered Gita mata and had performed the task of listening and narrating, so who is the mother of the first Brahmin and hence the first deity? Who is the mother of Sevakram?
Baba: Who is the grandmother of Sevakram and who is his great-grandmother? Arey! Then the accounts of 84 births should also emerge. And Baba says, I do not narrate anybody's part. Does Bapdada tell anybody's part? Every soul would reveal itself automatically through its virtues, through its words, through its vibrations, through its speech and actions. Sevakram's father would reveal himself as his father. His grandfather would reveal himself as his grandfather. If someone is his grandmother, then she will reveal herself as his grandmother.

जिज्ञासु – बाबा, वो सब तो अभी ज्ञान में आ गये होंगे।
बाबा– कौन?
जिज्ञासु – सेवकराम की मम्मी, दादी।
बाबा – सेवकराम के क्या, आपके 84 जन्मों का परिवार ज्ञान में नहीं आ गया होगा? हँ?
Student: Baba, they all must have entered the path of knowledge by now.
Baba: Who?
Student: Sevakram's mother, grandmother.
Baba: Not just Sevakram, but would your family of 84 births not have entered the path of knowledge? Hm?

समय – 30.30
जिज्ञासु – बाबा, शरीर सड़ता जायेगा और आत्मा पावरफुल बनती जाएगी। सड़ते माना क्या?
बाबा – बीमारियाँ बढ़ती जायेंगी। दुनियाँ में केमिकल खाद बढ़ती जा रही है, तो केमिकल खाद बढ़ने से अन्न प्रदूषित होता जा रहा है, वायुमण्डल प्रदूषित होता जा रहा है, जिसकी वजह से शरीर सड़ेंगे या पावरफुल बनेंगे? सड़ते जावेंगे। लेकिन सड़े हुए शरीर को भी चलाने के लिए आत्मा पावरफुल होती जाएगी। जैसे बूढ़ी माताओं के लिए बोला है – बूढ़ी माताओं को सेवा के पंख लग जावेंगे।

Time: 30.30
Student: Baba (it has been said that) the body would go on rotting and the soul would go on becoming powerful. What is meant by 'rotting'?
Baba: The diseases would go on increasing. The chemical fertilizers are increasing in the world; so because of the increase (in the use) of chemical fertilizers, the foodgrains are becoming polluted, the atmosphere is becoming polluted because of which will the bodies rot or become powerful? They will go on rotting. But in order to work even through the rotten body, the soul would go on becoming powerful. For example it has been said for the elderly mothers that the old mothers will get the wings of service.

समय – 31.20
जिज्ञासु – बाबा, त्रेतायुग में बोला – बाह के प्यार से बच्चों का जन्म होगा। तो बाह तो शरीर का अंग है।
बाबा – शरीर का अंग है लेकिन भ्रष्ट इन्द्रियाँ हैं या श्रेष्ठ इन्द्रियाँ हैं ?
जिज्ञासु – श्रेष्ठ इन्द्रियाँ।
बाबा – फिर?
Time: 31.20
Student: Baba, it has been said that in the Silver Age, children will be born through the love of arms. But arms are part of the body.
Baba: They are the parts of the body, but are they unrighteous organs or righteous organs?
Student: The righteous organs.
Baba: Then?

समय – 31.41
जिज्ञासु – बाबा, बाबा जब मुरली चलाते हैं तो हिंदी में ही बात की है। तो देखा है कि हिंदी में मैक्सीमम स्त्रीलिंग है। जाती है, खाती है – ये सब आदि।
बाबा –जाती है, खाती है ! खाता है, जाता है नहीं है?
जिज्ञासु – कम है।
बाबा– कम है?
जिज्ञासु – लेकिन ज्यादा स्त्रीलिंग का प्रभाव है।
बाबा– ऐसा तो कुछ नहीं है।
Time: 31.41
Student: Baba, Baba has spoken only in Hindi when He narrates Murlis. So, it has been observed that the gender of maximum words in Hindi is feminine. '*jaati hai* (she goes), *khaati hai* (she eats) – all these words, etc.
Baba: '*Jaati hai, khaati hai*'! Is there not '*khata hai* (he eats), *jata hai* (he goes)'?
Student: It is less.
Baba: Is it less?
Student: But there is more influence of feminine gender.
Baba: It is not so.

जिज्ञासु – हिंदी में स्त्रीलिंग का प्रभाव क्यों है?
बाबा – ऐसा तुम्हारा समझ का प्रभाव है।
जिज्ञासु – मैक्सीमम है।
बाबा – ऐसा कुछ नहीं है।
जिज्ञासु – हिंदी लिटरेचर में ऐसे है।
बाबा – हिन्दी लिटरेचर में क्या है?
जिज्ञासु – इसके साथ कोई ज्ञान का लिंक है?

बाबा – क्या लिंक है?
Student: Why is there an influence of feminine gender on Hindi (language)?
Baba: It is an influence of your understanding.
Student: It (i.e. use of femnine words) is maximum.
Baba: It is not so.
Student: It is like this in the Hindi literature.
Baba: What is there in the Hindi literature?
Student: Does it have any link with (the Godly) knowledge?
Baba: What is the link?

जिज्ञासु – हिंदी में, जैसे बाबा आत्मा तो पुरुष है। फिर भी कहते हैं – परमात्मा प्रवेश करती है, जाती है। माना आत्मा प्रवेश करती है। आत्मा तो पुरुष है। फिर भी कहते हैं – परमात्मा प्रवेश करती है, जाती है। माना आत्मा प्रवेश करती है। तो आत्मा तो पुरुष।
बाबा – रूह जाती है – ऐसे कहा जाता है?
जिज्ञासु – रूह का नहीं सुना। आत्मा के बारे में सुना है – आत्मा प्रवेश करती है।
बाबा– तो?
जिज्ञासु – तो ये स्त्रीलिंग के ऊपर लागू होता है।
बाबा – आत्मा प्रवेश करती है तो शरीर में आ गयी ना। और शरीर तो स्त्रीलिंग ही हो गया। पाँच तत्वों का पुतला ही तो है। पाँच तत्वों का पुतला प्रकृति ही तो है।
Student: Baba, in Hindi, for example, the soul is masculine; even so it is said, *Parmatma pravesh kartee hai* (the Supreme Soul enters), *jaati hai* (goes). The soul is male. Even so it is said - *Parmatma (Supreme Soul) pravesh kartee hai (enters), jaati hai (goes).* I mean to say '*aatma pravesh kartee hai'* (a soul enters). But the soul is male.
Baba: Is it said – *rooh jaati hai* (the soul goes)?
Student: I have not heard about (the use of the word) *rooh*. I have heard about *aatma* (soul) - *'aatma pravesh kartee hai'* (a soul enters).
Baba: So?
Student: So, it is applicable to the feminine gender.
Baba: '*aatma pravesh kartee hai'* (a soul enters) means it has entered the body, hasn't it? And the body is feminine. It is an effigy (*putlaa*) of five elements. It is an effigy of the five elements, i.e. the nature.

जिज्ञासु – बाबा, ऐसे तो एक पुरुष है – सुप्रीम सोल पिता। ऐसे तो पकड़ा जाए तो सारे ही स्त्री हैं। सुप्रीम सोल को छोड़कर सारे ही स्त्री हैं।
बाबा – हाँ, सुप्रीम सोल के अलावा सारी ही स्त्रियाँ हैं? कैसे? तो राम बाप है एक, तुम सब हो सीताएँ, ये किसके लिए बोला गया?
जिज्ञासु – सुप्रीम सोल के लिए।
बाबा – फिर? तुम सब हो सजनियाँ और साजन है एक – ये किसके लिए बोला गया?
जिज्ञासु – हम आत्माओं के लिए।
Student: Baba, in a way, there is only one male the Supreme Soul Father. From one point of view everyone is female. Except the Supreme Soul everyone else is a female.
Baba: Yes, except the Supreme Soul everyone else a female? How? So, one is father Ram and you all are Sitas. For whom was this said?
Student: For the Supreme Soul.
Baba: Then? All of you are wives and the husband is one. For whom was this said?
Student: For us souls.

बाबा– आत्माओं के लिए? माना सजनी को शरीर नहीं है? सजनी को भी शरीर है और साजन को भी शरीर है, तब ही साजन–सजनी का संबंध बनता है। नहीं तो आत्मिक रूप में बाप और बच्चों का ही संबंध है। शरीर में आने के बाद साजन–सजनी और दूसरे प्रकार के संबंध भी बनते हैं।
जिज्ञासु – क्योंकि इस रामवाली आत्मा के शरीर में सुप्रीम सोल पावरफुल है। सबसे ज्यादा पावरफुल इसलिए।
बाबा – हाँ।
Baba: For the souls. Does it mean that the wife does not have a body? The wife has a body and the husband has a body as well. Only then the relationship of husband and wife developes. Otherwise, there is only a relationship of father and children in the form of a soul. After coming in the body the relationship of husband and wife and other types of relationships are also established.
Student: It is because the Supreme Soul is powerful in the body of this soul of Ram. It is because He is the most powerful one.
Baba: Yes.

समय – 34.25
